हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज कहा कि देश में सीएनजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार घरों तक पाइप वाली प्राकृतिक गैस - पीएनजी की आपूर्ति बढ़ा रही है। श्री पुरी ने कहा कि एलपीजी कनेक्शनों को पीएनजी कनेक्शनों में बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर वैश्विक स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

1- हरदीप पुरी

श्री पुरी ने कहा कि सरकार ऐसी गतिविधियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई कर रही है।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे में उन्होंने पिछले लगभग साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा है कि उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ आयोग की अध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

हरियाणा राज्य महिला आयोग अधिनियम 2012 के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार उनका राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल पिछले वर्ष जनवरी, 2025 में ही पूरा हो चुका था।त्यागपत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि वह स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं और सरकार से इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है।

श्री मति रेणू भाटिया की ओर से कुरुक्षेत्र में अस्पताल के नीरीक्षण दौरान नर्सिंग अधिकारियों पर की गई टिप्पणी से देशभर के नर्सिंग अधिकारी उनके विरोध में उतर आए थे। कुरुक्षेत्र अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने सोमवार को दो घंटे हड़ताल की थी। हरियाणा नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भी कल 10 से 12 बजे तक पेन डाउन हड़ताल की थी।

रोहतक में कल हुए अग्निकांड में 3 लोगों की जलने से मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने जूतों के एक दुकान में लगी इस आग को अग्निशमन दस्ते द्वारा काबू किए जाने के बाद रात को जले हुए 3 शव मलबे से निकाले। जिन्हें पीजीआईएमएस भिजवाया गया। मरने वाले में एक शोरूम मालिक व 2 कर्मचारी शामिल हैं। यह आग एसी का कंप्रेसर फटने से लगी थी, जिसने आसपास की एक दर्जन दुकानों को चपेट में ले लिया। आग पर साढ़े 6 घंटे बाद काबू पाया जा सका।

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से 'विकसित भारत' कार्यक्रम के चार प्रमुख स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान के प्रति स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित समावेशी एवं विकसित भारत का सपना हमारी सामूहिक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

राज्यपाल चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के उत्तरी जोन 2 सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।सभा को संबोधित करते हुए प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र केवल कानून निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सभी को साथ लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करना भी शामिल है।

महिला सशक्तिकरण और बेटियों के अधिकारों की अलख जगाने वाले 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान ने आज अपने गौरवमयी 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस विशेष अवसर पर मुहिम के संस्थापक एवं बीबीपुर गांव के पूर्व सरपंच सुनील जागलान ने अपने पैतृक गांव बीबीपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर अभियान की सफलता की जानकारी दी।

2 -सुनील जागलान

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा का लिंगानुपात कुछ कम हुआ। तो उन्होंने वापस अपने राज्य में, अपने मूल गाँव बीबीपुर से इस अभियान की फिर से शुरुआत करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि सब को मिलकर प्रदेश का लिंगानुपात बराबर लाने की कोशिश करनी चाहिए।

उन्होंने घोषणा की कि वो उन लोगों को 1 लाख का पुरस्कार देंगे जो कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए ऐसी किसी भी गतिविधि की सीधे उन्हें गुप्त सूचना देंगे।

केंद्र सरकार की पहल पर पहली जून से 30 जून 2026 तक ‘खेत बचाओ अभियान’ चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य हरित खाद, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा कृषि आदानों के संतुलित उपयोग के माध्यम से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना है।